Seat No. : _______________

# TH-112 – H

**May-2013**

## B. Com. (Sem.-I)

## CE 101 (A) Financial Accounting I (Adv. Acc. & Auditing)

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**Hindi Version**

1. (अ) P, Q और R 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटने वाले साझेदार हैं । ता. 1-4-2012 को उन्होंने साझेदारी पेढ़ी का विसर्जन करना निश्चित किया । उस दिन पेढ़ी का आर्थिक चिट्ठा निम्नानुसार था : **7**

| दायित्व | | | ₹ | सम्पत्तियाँ | ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| पूँजी : | P | 48,000 | | स्थायी सम्पत्तियाँ | 1,70,000 |
| | Q | 30,000 | | चालू सम्पत्तियाँ | 29,000 |
| | R | 25,000 | 1,03,000 | (₹ 7,000 नकद सहित) | |
| लेनदार | | | 60,000 | लाभ-हानि खाता | 6,000 |
| सामान्य अनामत | | | 12,000 | | |
| बंधक ऋण | | | 30,000 | | |
| | | | **2,05,000** | | **2,05,000** |

सम्पत्तियों के विक्रय से निम्नानुसार प्राप्त हुए :

| | ₹ |
|---|---|
| प्रथम हप्ता | 20,000 |
| द्वितीय हप्ता | 50,000 |
| तृतीय हप्ता | 25,000 |
| चतुर्थ हप्ता | 12,000 |
| पाँचवा हप्ता | 16,000 |
| छठ्ठा हप्ता | 42,000 |

हप्ता की रकम जैसे जैसे प्राप्त होती जाये वैसे ही वितरण करना निश्चित किया ।

पूँजी आधिक्य की पद्धति से रोकड़ का हप्ता-हप्ता वितरण दर्शाता पत्रक तैयार कीजिये ।

**अथवा**

(अ) टिप्पणी लिखिये : महत्तम नुकसान की पद्धति से रोकड़ का हप्ता-हप्ता वितरण **7**

(ब) पटेल ब्रदर्स का चालू धंधा ता. 1-4-2011 के रोज से खरीदने के लिए ता. 30-9-2011 के रोज राजवी लि. की स्थापना की । ता. 31-3-2012 के रोज पूरे होते वर्ष के लिए रजिस्ट्रेशन से पहले का और रजिस्ट्रेशन के बाद के समय का लाभ या हानि दर्शाता पत्रक तैयार कीजिये । **7**

(i) वर्ष का कुल विक्रय ₹ 9,00,000 था जिसमें ता. 30-9-2011 तक का विक्रय ₹ 3,00,000 था ।

(ii) वर्ष का कच्चा लाभ ₹ 4,50,000 था ।

(iii) लाभ-हानि खाते जमा की आय निम्नानुसार थी :

शेयर परिवर्तन फीस ₹ 2,000.

विनियोगों पर ब्याज ₹ 6,000.

(iv) लाभ-हानि खाते उधार किये खर्च निम्नानुसार थे :

| | ₹ |
|---|---|
| वेतन | 10,000 |
| देनदारों को दिया बट्टा | 3,000 |
| विज्ञापन खर्च | 6,000 |
| संचालक फीस | 5,000 |
| प्राथमिक खर्च | 10,000 |
| छपाई-स्टेशनरी | 7,000 |
| चुकाया भाड़ा | 9,000 |
| जावक माल गाड़ी भाड़ा | 4,500 |
| खरीद कीमत पर ब्याज | 2,000 |

(खरीद कीमत का भुगतान ता. 1-7-2011 को किया)

**अथवा**

(ब) रजिस्ट्रेशन पूर्व के लाभ के उपयोग समझाइये और हिसाबी प्रभावों को दर्शाइये । **7**

2. (अ) सांई लि. ने 20,000 इक्विटी शेयर प्रति ₹ 10 वाले 20 % प्रीमियम से सार्वजनिक जनता में प्रकाशित किये । प्रति शेयर रकम निम्नानुसार भुगतान करनी थी : **7**

आवेदन के साथ ₹ 5

आबंटन के समय ₹ 5 (प्रीमियम सहित)

प्रथम और अंतिम मांग के समय - शेष रकम

कम्पनी को 25,000 शेयरों का यथानुपात आबंटन किया । सीमा ने अपने 500 शेयरों पर आबंटन एवं माँग की रकम नहीं भरी जिससे उसके शेयर जप्त किये गये ।

इनमें से 300 शेयर पुन: ₹ 9 के भाव से प्रकाशित किये गये ।

कम्पनी की बही में निम्नलिखित के संबंध में जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिये :

(i) शेयर जप्ती

(ii) शेयर पुन: प्रकाशित करना

(iii) जप्ती खाता बंद करना

**अथवा**

(अ) संभवित इक्विटी शेयर (Potential Equity Shares) और स्वेट इक्विटी शेयर को समझाइए । **7**

(ब) निम्नलिखित में से किसी **एक** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये : **7**

(i) बट्टा से अंश प्रकाशित करना

(ii) बुक बिल्डिंग प्रक्रिया

(iii) अंशों की पुन: खरीदी (Buy back of shares)

3. (अ) अधिमान अंशों का शोधन करने संबंधी कम्पनी अधिनियम की कलम 80 के प्रावधान बताइये । **7**

**अथवा**

(अ) ता. 31-3-2012 को गीता लि. की बही में निम्नलिखित बाकियाँ थी : **7**

50,000 इक्विटी अंश, ₹ 10 वाले सम्पूर्ण भरपाई 20,000, 12% के अधिमान अंश ₹ 10 वाले, प्रति अंश ₹ 8 भरपाई

प्रतिभूति प्रीमियम ₹ 30,000

सामान्य अनामत ₹ 1,00,000

लाभहानि खाता (जमा बाकी) ₹ 50,000

कम्पनी ने अधिमान अंशों को 10% प्रीमियम से शोधन करना निश्चय किया । इस हेतु कम से कम इक्विटी अंश ₹ 10 वाले मूल कीमत से प्रकाशित किया गये ।

अधिमान अंशों का शोधन करने संबंधी आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ लिखिये ।

(ब) बोनस अंश किसे कहते हैं ? बोनस अंशों के प्राप्ति स्थान बताकर इस संबंध में जर्नल प्रविष्टियाँ लिखिये । **7**

**अथवा**

(ब) ता. 31-3-2012 को अमर लि. की बही में निम्नलिखित बाकियाँ थी : **7**

30,000 इक्विटी अंश ₹ 10 वाले, प्रति अंश ₹ 8 भरपाई ।

| | ₹ |
|---|---|
| प्रतिभूति प्रीमियम | 1,00,000 |
| सामान्य अनामत | 2,00,000 |
| पूँजी अनामत | 40,000 |
| लाभ-हानि खाता (जमा बाकी) | 1,50,000 |

संचालक मंडल ने निम्नानुसार बोनस देना निश्चित किया :

(i) अपूर्ण भरपाई अंशों को पूर्ण भरपाई अंश करने के लिए बोनस ।

(ii) 1 : 1 के अनुपात में पूर्ण भरपाई इक्विटी अंश बोनस के रूप में ।

कम्पनी की बही में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ लिखिये ।

4. (अ) कम्पनी के खड़े वार्षिक हिसाबों में निम्नलिखित बाकियाँ किस प्रकार से दर्शायेंगे ? **8**

- बाकी हप्ता / अप्राप्त माँग
- ख्याति
- प्राथमिक खर्च
- अंश परिवर्तन फीस
- संशोधन एवं विकास खर्च
- कर का प्रावधान (गत वर्ष का)
- टेलिफोन डिपोजीट
- सूचित डिविडंड (गत वर्ष का)
- प्राप्त वेट (Value Added Tax collected)
- पूँजी अनामत
- फुटकर औज़ार
- कारीगर लाभांश फंड
- प्रतिभूति प्रीमियम
- खरीद वापसी
- वाहन
- ऋणपत्र शोधन अनामत विनियोगों का ब्याज

(ब) ता. 31-3-2012 को पूर्ण होते वर्ष के खड़े वार्षिक हिसाबों में निम्नलिखित जानकारी किस प्रकार से दर्शायेंगे ? **6**

**ता. 01-04-2011 की बाकियाँ**

| **विवरण** | **उधार (₹)** | **जमा (₹)** |
|---|---|---|
| कर का प्रावधान | – | 50,000 |
| सूचित डिविडन्ड | – | 30,000 |
| पूर्वदत्त कर | 10,000 | – |
| लाभ-हानि खाता | – | 80,000 |

चालू वर्ष 2011-12 के दौरान गत वर्ष की आयकर की आकारणी पूर्ण हो गयी है और कर जवाबदारी ₹ 60,000 निश्चित हुई ।

चालू वर्ष दौरान ₹ 68,000 पेशगी कर के चुकाये थे ।

गत वर्ष के सूचित डिविडंड में से ₹ 20,000 चालू वर्ष में चुकाये थे । चालू वर्ष के लिए कर ₹ 1,00,000 और सूचित डिविडन्ड ₹ 70,000 का प्रावधान करना है ।

**अथवा**

4. निम्नलिखित सकल तलपट और अतिरिक्त जानकारी पर से कम्पनी अधिनियम 1956 की अनुसूचि VI के अनुसार खड़े स्वरूप में वार्षिक हिसाब तैयार कीजिये : **14**

**ता. 31-3-2012 को 'Y' लि. का सकल तलपट**

| उधार बाकियाँ | ₹ | जमा बाकियाँ | ₹ |
|---|---|---|---|
| जमीन | 37,250 | इक्विटी अंश पूँजी (प्रति अंश ₹ 10) | 2,00,000 |
| मकान | 1,50,000 | | |
| प्लान्ट | 80,000 | सामान्य अनामत | 80,000 |
| फर्नीचर | 15,000 | प्रतिभूति प्रीमियम | 20,000 |
| बिक्री खर्च | 12,000 | बिक्री | 3,02,250 |
| संचालक फीस | 2,400 | आयकर का प्रावधान (2010-11) | 15,000 |
| प्रशासनिक खर्च | 38,000 | | |
| सिंकिंग फंड विनियोग | 40,800 | डूबत ऋण वापसी | 1,500 |
| अप्राप्त मांग | 3,000 | 6% के ऋणपत्र | 2,00,000 |
| डूबत ऋण | 2,000 | लाभ-हानि खाता (1-4-2011) | 5,000 |
| देनदार | 1,45,000 | | |
| अंकेक्षण फीस | 1,000 | सिंकिंग फंड | 40,800 |
| पेशगी चुकाया आयकर 2010-11 | 12,000 | लेनदार | 23,000 |
| | | सिकिंग फंड विनियोगों पर ब्याज | 2,500 |
| पेशगी चुकाया आयकर 2011-12 | 8,000 | बट्टा | 3,000 |
| अंतिम स्टोक 2011-12 | 65,000 | चुकाना बाकी वेतन | 4,000 |
| रोकड़ और बैंक | 73,600 | | |
| व्यवस्थित खरीदी | 2,00,000 | | |
| ऋणपत्र ब्याज | 12,000 | | |
| | **8,97,050** | | **8,97,050** |

**अतिरिक्त जानकारी :**

(i) गत वर्ष आयकर निर्धारण चालू वर्ष में पूर्ण हो गया और कर की जिम्मेदारी ₹ 14,000 निश्चित हुई ।

(ii) चालू वर्ष में लाभ का 40% की दर से आयकर का प्रावधान करना है ।

(iii) प्लान्ट और फर्नीचर पर 5% की दर से घिसाई गिनो ।

5. निम्नलिखित प्रश्नों के विकल्पों में से सबसे योग्य विकल्प पसंद कीजिये : **14**

(1) रजिस्ट्रेशन पहले का लाभ ________ खाते ले जाया जाता है ।

(A) सामान्य अनामत (B) लाभ-हानि

(C) पूँजी अनामत (D) पूँजी

(2) लेनदारों से प्राप्त बट्टा रजिस्ट्रेशन पहले और बाद के समय के बीच ________ के आधार पर बाँटा जाता है ।

(A) खरीदी (B) बिक्री

(C) देनदारों (D) लेनदारों

(3) जप्त किये गये अंश पुन:प्रकाशित करने के बाद अंश जप्ती खाते की बाकी ________ खाते ले जायी जाती है ।

(A) सामान्य अनामत (B) पूँजी अनामत

(C) लाभ-हानि (D) अंश जप्ती

(4) अंश जप्त किये जाते हैं तब ________ उधार किया जाता है ।

(A) जप्त किये अंशों पर प्राप्त प्रतिभूति प्रीमियम

(B) जप्त किये अंशों पर नहीं प्राप्त प्रतिभूति प्रीमियम

(C) जप्त किये अंशों पर दिया बट्टा

(D) जप्त किये अंशों पर शेयरहोल्डर द्वारा भरी रकम

(5) अधिमान अंश शोधन प्रीमियम कम्पनी के लिए _______ है ।

(A) आय (B) हानि

(C) अनामत (D) इनमें से कोई नहीं

(6) अपूर्ण भरपाई इक्विटी अंशों को पूर्ण भरपाई करने के लिए ________ का उपयोग नहीं किया जा सकता ।

(A) प्रतिभूति प्रीमियम (B) सामान्य अनामत

(C) लाभ-हानि खाता (जमा बाकी) (D) इनमें से कोई नहीं

(7) आर्थिक चिट्ठे में प्रतिभूति प्रीमियम _______ के रूप में लिखा जाता है ।

(A) आय (B) सम्पत्ति

(C) जवाबदारी (D) अनामत एवं आधिक्य

(8) संभवित इक्विटी अंश ________ अंश हैं .

(A) कम्पनी द्वारा प्रकाशित

(B) सामान्य जनता को अंश खरीदने के लिए आमंत्रण दिया ।

(C) निकट भविष्य में प्रकाशित किये जाने वाले

(D) जप्त किये

(9) अंशों की पुन:खरीदी के बाद कुल भरपाई पूँजी में _______ होती है ।

(A) वृद्धि
(B) कमी
(C) प्रभाव नहीं
(D) इनमें से कोई नहीं

(10) बोनस शेयर देने के बाद कम्पनी की अनामतों में ________ होती है ।

(A) वृद्धि
(B) कमी
(C) प्रभाव नहीं
(D) इनमें से कोई नहीं

(11) जप्त किये अंश पुन:प्रकाशित करने पर कम्पनी अधिक से अधिक _______ बट्टा दे सकती है ।

(A) मर्यादा बिना
(B) 10%
(C) जप्त अंशों पर प्राप्त पूंजी की रकम
(D) इनमें से कोई नहीं

(12) रोकड़ का हप्ता हप्ता वितरण में ________ पद्धति में साझेदारों को सबसे अधिक रोकड़ मिलती है ।

(A) पूँजी आधिक्य
(B) महत्तम नुकसान
(C) दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं

(13) भाड़ा पट्टा सम्पत्ति ________ है ।

(A) स्थायी सम्पत्ति
(B) चालू सम्पत्ति
(C) अदृश्य सम्पत्ति
(D) अवास्तविक सम्पत्ति

(14) प्रोविडन्ट फंड के विनियोगों पर ब्याज _______ है ।

(A) लाभ-हानि खाते में लिखी जाने वाली आय
(B) आर्थिक चिट्ठे में प्रोविडन्ट फंड में जोड़ते
(C) आर्थिक चिट्ठे में विनियोग में जोड़ी जाती
(D) लिखा नहीं जाता